जनसम्पर्क विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

<u>प्रेस विज्ञप्ति संख्या–05</u>

गोरखपुर : 30 जून, 2015 : रेलवे प्रशसन द्वारा यात्री जनता की अतिरिक्त सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 15621/15622 कामाख्या–आनन्दबिहार टर्मिनस–कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस, 15620/15619 कामाख्या–गया–कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस, 12524/12523 न्यू जलपाईगुड़ी–नई दिल्ली–न्यूजलपाईगुडी द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस एवं 15715/15716 किशनगंज–अजमेर–किशनगंज त्रैसाप्ताहिक एक्सप्रेस गाड़ियों में विभिन्न स्थानों से शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच स्थायी रूप से लगाया जायेगा।

गाड़ी संख्या 15621/15622 कामाख्या–आनन्दबिहार टर्मिनस–कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस में कामाख्या से 25 जून, 2015 से तथा आनन्दबिहार टर्मिनस से 26 जून 2015 से, गाड़ी संख्या 15620/15619 कामाख्या–गया–कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस में कामाख्या से 29 जून, 2015 से तथा गया से 30 जून, 2015 से, गाड़ी संख्या 12524/12523 न्यूजलपाईगुड़ी–नई दिल्ली–न्यूजलपाईगुड़ी द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस में न्यूजलपाईगुड़ी से 27 जून, 2015 से तथा नई दिल्ली से 28 जून,2015 से शयनयान श्रेणी का एक–एक अतिरिक्त कोच स्थायी रूप से लगाया जायेगा।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 15715/15716 किशनगंज–अजमेर–किशनगंज त्रैसाप्ताहिक एक्सप्रेस में किशनगंज से 26 जून, 2015 से तथा अजमेर से 29 जून 2015 से शयनयान श्रेणी का दो अतिरिक्त कोच स्थायी रूप से लगाया जा रहा है।

संशोधित संरचना के अनुसार गाड़ी संख्या 15621/15622 कामाख्या–आनन्दबिहार टर्मिनस–कामाख्या एवं गाड़ी संख्या 15620/15619 कामाख्या–गया–कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस में जी.एस.एल.आर/जी.एस.एल.आर.डी. के 02 कोच, साधारण श्रेणी के 06 कोच, शयनयान श्रेणी के 06 कोच तथा वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 15 कोच लगाये जा रहे है।

गाड़ी संख्या 12524/12523 न्यूजलपाईगुड़ी–नई दिल्ली–न्यूजलपाईगुड़ी द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस में जी.एस.एल.आर./जी.एस.एल.आर.डी के 02, साधारण श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 13, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेगे।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 15715/15716 किशनगंज–अजमेर–किशनगंज त्रैसाप्ताहिक एक्सप्रेस में जी.एस.एल.आर./जी.एस.एल.आर.डी. के 02, साधारण श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 11, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का 01 तथा वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 18 कोच लगाये जायेगे।

(एस.पी.मिश्र)
जनसम्पर्क अधिकारी

सम्पादक/ब्यूरो प्रमुख,
गोरखपुर